कार्यालयः— उ0 प्र0 लोक सेवा आयोग
संख्या—02 / 15 / अति—5 / 2025—2026
प्रयागराजः दिनांकः—18—10—2025

## विज्ञप्ति

सम्मिलित राज्य / प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा0) परीक्षा—2025 जो दिनांक 12 अक्टूबर 2025 को दो सत्रों में आयोजित की गयी थी, के वस्तुनिष्ठ प्रकारक सामान्य अध्ययन प्रथम, प्रश्न—पुस्तिका बार कोड कम संख्या—2471441 एवं सामान्य अध्ययन द्वितीय, प्रश्न—पुस्तिका बार कोड कम संख्या—4471529 से संबंधित प्रश्नपत्र को स्कैन कर प्रश्न एवं उनके उत्तर आयोग की वेबसाइट— https://uppsc.up.nic.in पर दिनांकः—24—10—2025 तक उपलब्ध है। प्रश्नों के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तरों को हाईलाइट व अण्डरलाईन (आयताकार खाने में) कर दिया गया है। अभ्यर्थीगण, आयोग की वेबसाइट पर प्रदर्शित प्रश्न—पुस्तिका बार—कोड कम सं0—2471441 एवं प्रश्न—पुस्तिका बार—कोड कम सं0—4471529 के आधार पर अपने उत्तरों का मिलान कर लें। यदि आयोग द्वारा वेबसाइट पर प्रदर्शित प्रश्नोत्तरों के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो प्रश्नपुस्तिका बार—कोड कम सं0—2471441 एवं प्रश्न—पुस्तिका बार—कोड कम सं0—4471529 की प्रश्न—पुस्तिका में अंकित प्रश्नों की कम संख्या एवं उसी के अनुसार सही विकल्पों का उल्लेख करते हुए निर्धारित प्रारूप पर पूरा प्रश्न लिखेंगे तथा आयोग का उत्तर एवं आपत्ति के रूप में प्रस्तावित उत्तर सहित विकल्पों यथा—a,b,c,d भी लिखेंगे।

अतः अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि उन्हें प्रश्नोत्तरों में कोई विसंगति प्रतीत होती है तो इस सम्बन्ध में अपना प्रत्यावेदन / आपत्ति (संगत साक्ष्य सहित—नीचे दिये गये प्रारूप पर) अनिवार्यतः सामान्य अध्ययन प्रथम (प्रश्न सं0—01 से 150 तक) व सामान्य अध्ययन द्वितीय (प्रश्न सं0—01 से 100 तक) हेतु अलग—अलग प्रत्यावेदन (निर्धारित प्रारूप पर सामान्य अध्ययन प्रथम से संबंधित प्रश्न एवं उससे संबंधित साक्ष्य एक साथ तथा निर्धारित प्रारूप पर सामान्य अध्ययन द्वितीय से संबंधित प्रश्न एवं उससे संबंधित साक्ष्य एक साथ), आयोग को एक ही बन्द लिफाफे में, जो परीक्षा नियंत्रक, अतिगोपन—5 अनुभाग, उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज—211018 को सम्बोधित हो, डाक द्वारा अथवा आयोग के काउन्टर पर, दिनांक 25 अक्टूबर 2025 के सायं 05.00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में उपलब्ध करा सकते हैं। बिना साक्ष्य के / अपठनीय व असंगत साक्ष्य युक्त तथा प्रश्नपुस्तिका बारकोड कम संख्या—2471441 एवं 4471529 से भिन्न बारकोड कम संख्या के आधार पर प्रेषित आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात प्राप्त प्रत्यावेदनों को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**नोटः—आयोग द्वारा वेबसाइट पर प्रदर्शित प्रथम प्रश्नपत्र हेतु प्रश्न—पुस्तिका बार—कोड कम संख्या—2471441 एवं द्वितीय प्रश्नपत्र हेतु प्रश्न—पुस्तिका बार—कोड कम संख्या—4471529 में अंकित प्रश्न—संख्या एवं विकल्प के अनुसार ही आपत्ति दें।**

### प्रारूप

1—अभ्यर्थी का नाम.......................................................
2—अनुकमांक....................................................................
3—परीक्षा का नाम...........................................................
4—प्रश्नपत्र का का नाम.......................................................

प्रथम प्रश्नपत्र हेतु

| क0सं0 | वेबसाइट पर प्रदर्शित प्रश्न पुस्तिका बारकोड कमसंख्या—2471441. के अनुसार प्रश्न संख्या व प्रश्न | वेबसाइट पर प्रदर्शित प्रश्न पुस्तिका बारकोड कम संख्या—2471441 के अनुसार आयोग का उत्तर (विकल्प व लिखित उत्तर) | वेबसाइट पर प्रदर्शित प्रश्न पुस्तिका बारकोड कम संख्या—2471441 के अनुसार प्रत्यावेदक का उत्तर (विकल्प व लिखित उत्तर) | साक्ष्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

द्वितीय प्रश्नपत्र हेतु

| क0सं0 | वेबसाइट पर प्रदर्शित प्रश्न पुस्तिका बारकोड कमसंख्या—4471529. के अनुसार प्रश्न संख्या व प्रश्न | वेबसाइट पर प्रदर्शित प्रश्न पुस्तिका बारकोड कम संख्या—4471529 के अनुसार आयोग का उत्तर (विकल्प व लिखित उत्तर) | वेबसाइट पर प्रदर्शित प्रश्न पुस्तिका बारकोड कम संख्या—4471529 के अनुसार प्रत्यावेदक का उत्तर (विकल्प व लिखित उत्तर) | साक्ष्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

अभ्यर्थीकाहस्ताक्षर.......................................................

(हर्ष देव पाण्डेय)
परीक्षा नियंत्रक।